केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 222 रविवार 3 मार्च 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## बस्ती से हरीश द्विवेदी, डुमरियागंज से जगदम्बिका पाल, संतकबीर नगर से प्रवीण निषाद प्रत्याशी घोषित

नई दिल्ली (आभा)। लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने 195 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है. बीजेपी की इस लिस्ट में 28 महिलाओं, 47 युवा उम्मीदवार, 27 एससी, 18 अनुसूचित जनजाति और 57 पिछड़ा वर्ग को टिकट दिया गया है. वहीं इस सूची में पार्टी ने उत्तर प्रदेश के 51 उम्मीदवारों का एलान किया गया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे जबकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ से चुनावी मैदान में होंगे।

गोरखपुर और बस्ती की लोकसभा की कुल नौ सीटों पर आठ प्रत्याशी उतार दिए हैं। लोकसभा सीट से सांसद रवि किशन, बांसगांव से कमलेश पासवान, सलेमपुर से रविंद्र कुशवाहा,




महाराजगंज से सांसद व वित्त मंत्री पंकज चौधरी, बस्ती से हरीश द्विवेदी, संत कबीर नगर से प्रवीण निषाद, कुशीनगर से विजय दूबे, डुमरियागंज से जगदंबिका पाल को टिकट दिया गया है। भाजपा ने कमलेश पासवान पर चौथी बार, बस्ती और सलेमपुर से लगातार तीसरी बार एक ही चेहरे पर, जबकि अन्य जगहों पर दूसरी बार प्रत्याशी पर दांव आजमाया है। महाराजगंज में पंकज चौधरी पर सतवीं बार केंद्रीय नेतृत्व में भरोसा जमाया है।

बीजेपी ने यूपी में कई नेताओं को दोबारा रिपीट किया है और उनपर फिर से भरोसा जताते हुए टिकट दिया. इनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री महेश शर्मा, एक्ट्रेस हेमा मालिनी, रवि किशन, दिनेश लाल यादव निरहुआ, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, साध्वी निरंजन ज्योति बड़ा चेहरा हैं जिन्हें फिर से टिकट दिया गया है. स्मृति ईरानी ने 2019 में अमेठी से चुनाव लड़ा था और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को हराया था. इस बार भी उन्हें वहीं से टिकट दिया गया है. दूसरी तरफ हेमा मालिनी को एकबार फिर मथुरा से ही टिकट दिया गया है. भोजपुरी सिनेमा का जानामाना चेहरा दिनेश लाल निरहुआ आजमगढ़ उपचुनाव में जीतकर लोकसभा पहुंचे थे, उन्हें दोबारा यहां से टिकट दिया गया है. आजमगढ़ समाजवादी पार्टी का गढ़ रहा है।

## एक नजर

### गैर दलों से भाजपा में शामिल हुये लोग



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर शनिवार को वरिष्ठ नेता मनमोहन श्रीवास्तव काजू के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी छोड़कर आये युवा नेताओ को जिला अध्यक्ष विवेकानंद मिश्रा जी के समक्ष भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता ग्रहण करवाया। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी छोड़कर आए दीपक मौर्य के नेतृत्व में घनश्याम मौर्य प्रेम कुमार गुप्ता, कमल कुमार, नीरज रावत, कन्हैया लाल, श्रीकांत मिश्रा, विनोद सोनी, यशराज, मौर्य नंदन, पवन कुमार श्रीवास्तव , आकाश त्रिपाठी निशांत पांडे ,आयुष सिंह, संतोष मिश्रा,रजत सिंह व बहुजन समाज पार्टी छोड़कर आए बबलू कनौजिया संतोष गोंड आदि भाजपा में शामिल हुये।

### अविष्कार अभियान के तहत हुई क्विज प्रतियोगिता



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बहादुरपुर (बस्ती)। विकास क्षेत्र बहादुरपुर के ब्लाक संसाधन केंद्र पर राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में शनिवार को आयोजित किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में संविलियन विद्यालय और उच्च प्राथमिक विद्यालय के 240 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दौरान कुल 10 बच्चों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। उत्साहवर्ध हेतु बीईओ विनोद कुमार त्रिपाठी द्वारा इन बच्चों को सील्ड के साथ नगद पुरस्कार दिया गया।

प्रतियोगिता तीन चरणों में पूर्ण हुई। प्रथम चरण में विज्ञान व गणित के बहुविकल्पीय प्रश्नो पर आधारित आंकलन किया गया। द्वितीय चरण में प्रथम चरण में चयनित छात्र छात्राओं का बहुविकल्पीय व लद्युउत्तरीय प्रश्नो पर आधारित आकंलन किया गया। तृतीय चरण में द्वितीय चरण में चयनित छात्र छात्राओं का विषय आधारित साक्षात्कार किया गया। प्रतियोगिता अधिकतम 50 अंक की थी। प्रतियोगिता को लेकर छात्र छात्राओं में बेहद उत्साह देखने को मिला।

बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बीईओ श्रीराम और समस्त एआरपी ने पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में एआरपी जय प्रकाश श्रीवास्तव, मनोज उपाध्याय के साथ ही शिक्षक राधेश्याम सिंह, रश्मि सिंह, मुकेश कुमार, जितेंद्र मौर्य व अवधेश वर्मा आदि ने उपस्थित रहकर प्रतियोगिता में सहयोग किया।

### पत्रकार पंकज सोनी के निधन पर शोक

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। अधिवक्ता, कवि, पत्रकार पंकज सोनी के निधन से शोक की लहर है। बस्ती वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में शनिवार को शोक सभा आयोजित कर पंकज सोनी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

बी.एन. शुक्ल की अध्यक्षता में आयोजित श्रद्धाजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि जनपद ने एक योग्य व्यक्तित्व खो दिया। श्रद्धांजलि सभा में श्याम प्रकाश शर्मा, बी.के. मिश्र, ओम प्रकाश धर द्विवेदी, कृष्णचन्द्र पाण्डेय, ओम प्रकाश पाण्डेय, अजमत अली सिद्दीकी, सामईन फारूकी, अफजल अहमद, लालता पाण्डेय, श्रीकृष्ण तिवारी, दीनानाथ यादव, गणेश, पेशकार मिश्र, साधूशरन शुक्ल, दीपक सिंह प्रेमी, राजेन्द्र सिंह, जगदम्बा प्रसाद भावुक आदि शामिल रहे। अंत में दो मिनट का मौन रखकर पंकज सोनी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

## छूट पर सरकार देगी सोलर पैनलः नपा अध्यक्ष नेहा वर्मा ने सर्वे अभियान को दिखायी हरी झण्डी




–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा ने पालिका परिसर में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के डोर टू डोर सर्वे अभियान को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना लोगों के लिये वरदान है और इससे जहां बिजली संकट दूर होगा वहीं लोगों की आर्थिक बचत भी होगी और नागरिक 24 घंटे अबाध विद्युत आपूर्ति सोलर पैनल के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। बताया कि सोलर पैनल लगवाने वाले परिवारों को 300 यूनिट बिजली निःशुल्क दिया जायेगा।

सीएसई गर्वनेंस संस्था के जिला प्रबंधक राहुल सिंह ने बताया कि केन्द्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को पूरा करने के लिये संस्था के सदस्य घर–घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे और उनका पंजीकरण कर सीएसई को भेजा जायेगा। संस्था के अशोक श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव ने बताया कि दो किलो वाट तक के सोलर पैनल पर सरकार द्वारा 75 प्रतिशत और उसके अधिक के पैनल पर 60 प्रतिशत अनुदान शासन द्वारा दिया जायेगा। बताया कि 3 मार्च रविवार से सर्वेक्षण शुरू हो जायेगा।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा, जगदीप श्रीवास्तव, कृष्णा चौधरी, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, सुभाष श्रीवास्तव, सोनू पाण्डेय के साथ ही अनेक सभासद, क्षेत्रीय नागरिक और संस्था के सदस्य अभिजीत, शिवम, रोहन, शेखर आदि उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम ने नये ट्रैक्टर को दिखाया हरी झण्डी



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती,। नगर पंचायत नगर की अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने शनिवार को नए ट्रेक्टर ट्राली को हरी झंडी दिखाकर समारोह पूर्वक उद्घाटन किया। इसके पूर्व उन्होंने विधि विधान से उक्त वाहन का पूजन अर्चन किया। श्रीमती राना ने कहा कि नगर पंचायत के बेड़े में एक नए ट्रेक्टर के जुड़ने से स्वच्छता अभियान में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि इसी महीने में कुछ और नए वाहन नगर पंचायत परिवार का हिस्सा बनेंगे। श्रीमती राना ने स्वच्छ नगर, स्वस्थ नगर, समृद्ध नगर और सुन्दर नगर बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील किया।

अधिशाषी अधिकारी सुश्री कीर्ति सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप नगर पंचायत नगर को विकसित करने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि संसाधन बढ़ने से कार्यों में सुगमता होती है।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख राना दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि नगर पंचायत नगर को देश का एक मॉडल नगर पंचायत बनाने का प्रयास जारी रहना चाहिए। सबका साथ सबका विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता है। समाज के अन्तिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाना हम सभी का दायित्व है। इस अवसर पर सभासद संजय सोनकर, विजय जायसवाल, राज कुमार चौधरी,राम सजन यादव, बिंदुलाल, तुलसीराम, अखिलेश यादव,विजय सहनी, दिनेश चौरसिया, बिरेंद्र कुमार, संदीप कुमार, सत्यराम निषाद, देवेश धर द्विवेदी, राकेश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## नगर पालिका बोर्ड के बजट बैठक में बानवे करोड बारह लाख का प्रस्ताव पारित





### -पालिका क्षेत्र का विकास हम सबका दायित्व-नेहा वर्मा

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । शनिवार को नगर पालिका परिषद बोर्ड के बजट की बैठक अध्यक्ष श्रीमती नेहा वर्मा की अध्यक्षता में पालिका के बैठक कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में पालिका के 24 सभासदों, सदस्यगणों ने हिस्सा लिया। बैठक में नगर पालिका परिषद के वित्तीय वर्ष 2024–25 का संतुलित अनुमानित बजट रूपया 92,12.72, 851.00 (बानवे करोड बारह लाख बहत्तर हजार आठ सौ इक्यावन) आय एवं रूपया 92. 09.92.564.00 (बानवे करोड नौ लाख इक्यावन हजार पाच सौ चौसठ) के व्यय तथा रूपया 2,80,287.00 (दो लाख अस्सी हजार दो सौ सतासी) बचत प्रस्तावित किया गया जिसे ध्वनि मत से मेज थपथपा कर सर्व सम्मत से स्वीकृत किया गया।

नगर के विकास हेतु सभासदो द्वारा प्रस्ताव किया गया जिसे सदन ने ध्वनिमत से पास किया। इसी क्रम में जल निगम बस्ती से बडेवन से कम्पनी बाग तक पाइप लाइन को ठीक कराने हेतु यथाशीघ्र कार्यवाही करने पर विचार किया गया। सदन में सभासदगणों द्वारा अपने वार्ड से सम्बन्धित समस्याओं तथा विकास कार्यों को सदन के पटल पर रखा गया जिसे सदन द्वारा स्वीकार किया गया।

बैठक में अध्यक्ष श्रीमती नेहा वर्मा ने कहा कि पालिका क्षेत्र के विकास के लिये परस्पर समन्वय से कार्य करना होगा जिससे नागरिकों को बेहतर साफ–सफाई, प्रकाश व्यवस्था, और जलापूर्ति की बेहतर सेवा प्राप्त हो। इस दिशा में निरन्तर तेजी के साथ प्रयास किये जा रहे हैं। अधिशासी अधिकारी/उपजिलाधिकारी (न्यायिक) सतेन्द्र सिंह ने योजनाओं के सम्बन्ध में सदस्यों को विन्दुवार विस्तार से जानकारी दिया।

बैठक में अमरावती देवी, राजन ठाकुर, इन्द्रावती देवी, श्रीमती रोली, विद्यावती देवी, ममता सोनकर, रविन्द्र कुमार, मु0 अय्यूब, दिनेश गुप्ता, निर्मला देवी, मंजू श्रीवास्तवा, निर्मला यादव, पंकज कुमार चौधरी, श्रीमती बैजन्ती सिंह, कृष्ण कुमार पाण्डेय, सर्वेश यादव, जगदीप श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार चौधरी, रूकइया खातून, गौतम यादव, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, परमेश्वर कुमार शुक्ला उर्फ पप्पू शुक्ला, श्रीमती शाहजहाँ, रमेश कुमार गुप्ता, कर निर्धारण अधिकारी उदयभान, अवर अभियन्ता जल अर्चना कुमारी, लेखाकार गणेश कुमार सिंह, सम्पत्ति लिपिक गिरीशकुमार सिंह, प्रकाश प्रभारी अमित कुमार शुक्ला, स्टोर कीपर शुभम यादव सदन लिपिक राजीय शंकर श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## घर के सामने धरने पर बैठी वृद्धा, लगाया न्याय की गुहार



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र की सुर्तीहट्टा निवासिनी लगभग 75 वर्षीया चन्द्रकान्ती पत्नी स्वर्गीय मोहनलाल को परिवार के सदस्यों ने घर से निकाल दिया और उसके हिस्से के कमरे पर ताला लगा दिया। वृद्धा चन्द्रकान्ती न्याय के लिये दर–दर भटक रही है। उसने जिलाधिकारी समेत उच्चाधिकारियों को पत्र देकर कहा है कि घर का ताला खुलवाने की मांग को लेकर वह शनिवार 2 मार्च से घर के सामने सड़क पर धरना दे रही है। इसके बाद भी न्याय न मिला तो वह जिलाधिकारी कार्यालय के सामने धरने पर बैठेगी।

जिलाधिकारी एवं सम्बंधित अधिकारियों को दिये पत्र में 75 वर्षीया चन्द्रकान्ती पत्नी स्वर्गीय मोहनलाल ने कहा है कि वह मकान संख्या 103 वार्ड नम्बर 2 सुर्तीहट्टा नगरपालिका परिषद में मकान में 1/3 की स्वामिनी है। उसका एक पुत्र बीमार रहता है, वह स्वयं वृद्ध है। उसे असहाय मानते हुये योगेश सडाना उसके मकान पर जबरिया कब्जा कर लेना चाहते हैं। वह अपने बहू के साथ अयोध्या में रहती है। गत 24 फरवरी को जब वह बस्ती आयी तो योगेश सडाना पुत्र श्रीराम और उनकी पत्नी सतनाम कौर (सोनी) और लड़की आस्था सडाना, पुत्र आदित्य सडाना आदि ने उसे घर में घुसने नहीं दिया और गालियां देकर मारा पीटा। पत्र में चन्द्रकान्ती ने कहा है कि वह न्याय के लिये पुरानी बस्ती थाने पर गयी तो पुलिस ने दोनों पक्षों का भादिवि की धारा 151 में चालान कर दिया। उनकी बहू और उसके भाई को जेल भेज दिया गया।

चन्द्रकान्ती ने कहा है कि किसी तरह सड़क पर गुजारा कर रही है। उसने प्रशासन से मांग किया है कि मकान संख्या 103 के जिस हिस्से में वह रही है उसे रहने दिया जाय और दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई के साथ ही उसके और उसके पुत्र और बहू के जान माल की रक्षा कराया जाय। विपक्षी मकान के लालच में कोई भी हरकत कर सकते हैं।

## ग्राम परिक्रमा यात्रा में भाजपा नेताओं ने किसानों से बनाया संवाद



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा ग्राम परिक्रमा यात्रा का क्रम निरन्तर जारी है। शनिवार को मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलीप पाण्डेय के संयोजन में मुण्डेरवा मण्डल के हसिया देवरी गांव में ग्राम परिक्रमा यात्रा का ट्रैक्टर पूजन कर शुरूआत किया गया।

मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष गोपेश्वर त्रिपाठी ने कहा कि ग्राम परिक्रमा यात्रा का उद्देश्य केन्द्र और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हितों को लेकर चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं से परिचित कराना है। कहा कि भाजपा किसान हितों के प्रति समर्पित है। क्षेत्रीय महामंत्री रामानन्द ने किसानों से सीधा संवाद बनाकर उनसे योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त किया। कहा कि भाजपा किसानों की आय बढाने के लिये कई योजनायें संचालित कर रही है। किसानों की आय दो गुना करना हमारी प्राथमिकता है।

भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलीप पाण्डेय ने परिक्रमा यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत करते हुये बताया कि लगातार ग्राम परिक्रमा यात्रा के माध्यम से किसानों को जोड़ा जा रहा है और उन्हें केन्द्र, राज्य सरकार की योजनाओं से परिचित कराया जा रहा है। कहा कि किसान भाजपा और उसकी कल्याणकारी नीतियों के साथ है।

कार्यक्रम में दीपक चौधरी, सतीश पाण्डेय, सुमंत मिश्र, अरविंद गुरु , अशोक कुमार, रामानंद, वशिष्ठ मुनि, अरुण चौधरी, रिंकू पाठक, राघवेंद्र रविंद्र श्यामू, सर्वेश चौधरी के साथ ही स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## व्यापारी महाकुंभ में गूंजा व्यापारी आयोग गठन की मांगः एकजुटता से मिलेंगे व्यापारियों को अधिकार–अनूप




–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । शनिवार को प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मण्डल द्वारा प्रेस क्लब सभागार में व्यापारी महाकुंभ का आयोजन किया गया । राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप शुक्ल ने मुख्य अतिथि के रूप में व्यापारी महाकुंभ ने कहा कि किसान और व्यापारी दोनों परेशान है। उनका संगठन व्यापारी हितों के लिये निरन्तर संघर्षशील है। एकजुटता से ही सफलता मिलेगी। कहा कि व्यापारी आयोग का गठन, राजनीतिक हिस्सेदारी, व्यापारी बीमा राशि दो गुनी करने, जीएसटी के नाम पर उत्पीड़न बंद किये जाने, ऑन लाइन शांपिग बंद करने आदि मांगों को लेकर निरन्तर संघर्ष जारी है।

प्रदेश उपाध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय 'शिबलू' ने कहा कि किसान और व्यापारी का एक दूसरे से सम्बन्धा बहुत पुराना है। कार्पोरेट और विदेशी कम्पनियों की दखल ने किसान और व्यापारी दोनों के को परेशान कर रखा है। केन्द्र और राज्य में व्यापारी विरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। कहा कि संगठन व्यापारी हितों के लिये निरन्तर संघर्ष करने को प्रतिबद्ध है।

व्यापारी महाकुंभ को श्रीमती हेमलता पाण्डेय, मनोज जायसवाल ने जमीनी मुद्दे उठाये और आवाहन किया कि अन्यायपूर्ण नीतियों के विरूद्ध संघर्ष को तेज किया जाय। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्वम्भर तिवारी, अन्नू पाण्डेय, शमशाद कुरेशी, पिंकू चौधरी, नवीन पाल, शशिकान्त पाण्डेय, प्रदीप तिवारी, टुनटुन सिंह, मोतीलाल यादव, शबीना खातून, अरशद, राजन गुप्ता, अनवर अली के साथ ही अनेक व्यापारी और प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय समाज का अभिन्न अंग- हरीश द्विवेदी

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार पंडित शिवहर्ष उपाध्याय शैक्षिक सप्ताह समापन , पुरस्कार वितरण और वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद हरीश द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि प्रो रीना पाठक,प्राचार्य शिव हर्ष किसान पी जी कॉलेज, प्रो. सुचिता त्रिपाठी, प्राचार्य बीएनकेबी पीजी कॉलेज अंबेडकर नगर,प्रो अभय प्रताप सिंह प्राचार्य एपीएनपीजी कॉलेज, डॉ पंकज सिंह, भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के गोरक्ष प्रांत के सह संयोजक संजय द्विवेदी,वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश शुक्ला,ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. सुनीता तिवारी ने अतिथियों का स्वागत बुके व मोमेंटो देकर किया



,प्राचार्या ने अतिथि स्वागत उद्बोधन में कहा की सीमित संसाधन में बेहतर और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा महाविद्यालय द्वारा दिया जा रहा ,छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु पढ़ाई के साथ साथ विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजनों से शैक्षिक संवर्धन को बढ़ावा दिया जा रहा है, कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि बस्ती के सांसद मा हरीश द्विवेदी ने महाविद्यालय में शुद्ध पेय जल के प्लांट का, स्मार्ट क्लास का एवम रोजगार मेला का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि हरीश द्विवेदी ने कहा कि महाविद्यालय समाज का अभिन्न अंग है, जिसके विकास के लिए समाज के सभी लोगो को मिलकर प्रयास करना होगा सरकार समान्य शिक्षा के साथ ही साथ तकनीकि शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा,स्वरोजगार प्रशिक्षण व सृजन की दिशा में बेहतर कार्य कर रही है,जिससे समाज का आर्थिक सामाजिक और सांस्कृतिक विकास हो रहा है।महिला शिक्षा को सरकार बढ़ावा दे रही है,जिससे महिला सशक्तिकरण की संकल्पना पूरी हो सके,और सामाजिक विकास की गति और तीव्र हो,जिससे समाज के सभी वर्ग खुशहाल रहे,अवसर पर मुख्य अतिथि के कर कमलों से मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में समाज सेवी सुनील मिश्रा,ओम प्रकाश अरोरा,भाजपा नगर अध्यक्ष आलोक पांडेय, डॉ पंकज सिंह को महाविद्यालय के विकास में सहयोग देने हेतु सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. नूतन यादव एवम डॉ. सुधा त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम के अंत में आभार ज्ञापन समाजशास्त्री डॉ रघुवर पाण्डेय ने किया ।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ. सीमा सिंह, डॉ वीना सिंह,डॉ. स्मिता सिंह,डॉ. सुहासिनी सिंह, डॉ. रुचि श्रीवास्तव ,कु. प्रियंका सिंह , डॉ. संतोष यदुवंशी, डॉ. प्रियंका मिश्रा डॉ. कमलेश पाण्डेय, श्रीमती नेहा श्रीवास्तव एवं दुर्गेश गुप्ता ,गिरिजा नंद राव, अरुण मणि त्रिपाठी,कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सूर्या उपाध्याय अनुराग शुक्ला,के साथ समस्त शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं महाविद्यालय की समस्त छात्राएं उपस्थित रहीं।

## सपा के मासिक बैठक में बनी लोकसभा चुनाव की रणनीतिःबूथ जीत गये तो चुनाव जीत जायेंगें–महेन्द्रनाथ



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक शनिवार को पार्टी कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर विचार किया गया। पार्टी पदाधिकारियों, बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। पार्टी ने पूर्व कैबिनेट मंत्री राम प्रसाद चौधरी को लोकसभा प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैंदान में उतारा है। कार्यकर्ता पूरी ताकत से जीत सुनिश्चित करने के लिये जुट जाय।

सपा जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि बूथ स्तर के पदाधिकारी स्थिति की समीक्षा कर लें और जन संवाद बनाये रखें। कहा कि बूथ जीत गये तो चुनाव निश्चित रूप से जीत जायेंगे। बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं पर सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। मतदाता भाजपा के दमनकारी, साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के नीतियों से परेशान है। पेपर लीक की घटनाओं से बेरोजगारों में आक्रोश है। हमें जन–जन तक सपा के नीति, कार्यक्रम का संदेश पहुंचाकर पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिये जुट जाना होगा। पी.डी.ए. की एकजुटता से जीत मिलेगी।

मासिक बैठक में विधायक राजेन्द्र चौधरी, कविन्द्र चौधरी 'अतुल', पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, मो. स्वालेह, रन बहादुर यादव, राजेन्द्र चौधरी, प्रमोद यादव आर.डी. गोस्वामी आदि ने बूथ स्तर के तैयारियों पर जोर दिया। कहा कि लोकसभा का यह चुनाव जीतना बडा लक्ष्य है। कार्यकर्ताओं की ताकत, मतदाताओं के सहयोग से इसे पूरा करना होगा। कहा कि वातावरण सपा के पक्ष में है और मतदाता परिवर्तन का मन बना चुके हैं।

मासिक बैठक में गुलाब सोनकर, रऊफ, रजनीश पाठक, राहुल सोनकर, पंकज मिश्र, रहमान सिद्दीकी, हृदयराम यादव, विपिन त्रिपाठी, आमिश खान, राजेन्द्र यादव, रामचरित्र यादव, राजेश यादव, धीरसेन निषाद, राजू सिंह, युनुस आलम, पंकज निषाद, राहुल सोनकर, प्रभाकर वर्मा, विश्वम्भर चौधरी के साथ ही पार्टी के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"—वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक भारतीय बस्ती

बस्ती 3 मार्च 2024 रविवार

## सम्पादकीय

# गुलाबी तस्वीर

इसमें दो राय नहीं कि वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही में जीडीपी के आंकड़े अर्थव्यवस्था में आशा का संचार करने वाले हैं। अक्तूबर–दिसंबर की तिमाही के जीडीपी आंकड़े बताते हैं कि देश कोरोनाकाल के संकट और वैश्विक चुनौतीपूर्ण स्थितियों से मुक्त होकर विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। शुक्रवार को शेयर बाजार का रिकॉर्ड ऊंचाई तक पहुंचना बताता है कि उसे तरक्की के आंकड़े रास आए हैं। विपक्षी नेता कह सकते हैं कि चुनावी समर में जाते देश की गुलाबी तसवीर सरकार पेश कर रही है। लेकिन मार्च माह के पहले दिन घरेलू बाजार में दमदार तेजी हकीकत बयां करती है। विदेशी निवेशकों का भरोसा भारतीय अर्थव्यवस्था में बढ़ा है। जिसके चलते संसेक्स और निफ्टी नए सर्वकालिक उच्च स्तर तक जा पहुंचे। जो बताते हैं कि देश की अर्थव्यवस्था ने नई रफ्तार पकड़ ली है। देश ने आर्थिक विकास के मामले में चीन–अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है। गुरुवार को जारी तीसरी तिमाही के आंकड़ों के अनुसार देश की विकास दर 8.4 फीसदी रही है। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि यह आंकड़ा साढ़े छह प्रतिशत के आसपास रह सकता है। वैसे इससे पहले दूसरी तिमाही की ग्रोथ दर 7.6 फीसदी रही थी। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में विकास दर 4.3 फीसदी रही थी। निस्संदेह, ये आंकड़े मोदी सरकार के लिए बूस्टर का काम कर सकते हैं। जो आने वाले आम चुनाव में एक मुद्दा भी रहेगा और सरकार अर्थव्यवस्था के सवाल पर विपक्ष के सवालों का जवाब देने में मजबूत रहेगी। इतना ही नहीं, आईएमएफ जैसी वैश्विक संस्थाएं भी कह रही हैं कि मौजूदा वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक विकास की गति अमेरिका, जापान व चीन से अधिक रहेगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि विकास के आंकड़ों की यह क्षमता देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाये। देश में बेरोजगारी की दर धरातल पर कम हो।

उल्लेखनीय है कि पिछली तिमाही में अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रदर्शन के मूल में तीन बड़े कारक रहे हैं। भले ही कृषि क्षेत्र में सुस्ती देखी गई है, लेकिन मैन्युफैक्चरिंग, माइनिंग और विनिर्माण के क्षेत्रों में उत्साहवर्धक गति देखी गई है। बढ़ते अप्रत्यक्ष करों में वृद्धि का भी अर्थव्यवस्था को गति देने में योगदान रहा है। उत्साहजनक बात यह रही कि उत्पादन क्षेत्र में तीसरी तिमाही में 11.6 फीसदी की वृद्धि देखी गई है। यह वृद्धि पिछली तिमाही में महज 4.8 फीसदी रही थी। वहीं खनन के क्षेत्र में भी विकास दर 7.5 फीसदी रही है। अच्छी बात यह भी है कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार फरवरी में करीब तीन अरब डॉलर बढ़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को दी गयी जानकारी के अनुसार, विदेशी मुद्रा का भंडार अब बढ़कर 619 अरब डॉलर हो गया है। वहीं दूसरी ओर भारतीय स्टेट बैंक के एक अध्ययन में बताया गया है कि चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर आठ फीसदी के दायरे में रह सकती है। भारत की यह उपलब्धि इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि दुनिया की तमाम बड़ी अर्थव्यवस्थाएं उच्च मुद्रास्फीति की चुनौतियों से जूझ रही हैं। जिसके चलते विश्व की वित्तीय स्थितियों में विषमता नजर आ रही है। वहीं भारत ने दुनिया में जारी युद्धों के प्रभाव, महामारी के प्रभावों के बावजूद ये कामयाबी हासिल की है। अच्छी बात यह है कि हमारी उपलब्धियां अनुमानों से अधिक हैं। सुखद यह भी है कि देश ने लगातार तीसरी बार अर्थव्यवस्था की विकास दर को सात प्रतिशत से अधिक रख पाने में सफलता पायी है। इसके बावजूद कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य अनुकूल नहीं है। निस्संदेह, विनिर्माण क्षेत्र में दो अंकों में वृद्धि महत्वपूर्ण है। लेकिन कृषि क्षेत्र में अपेक्षित वृद्धि का न होना हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। देश की खाद्य शृंखला को मजबूत बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। बहरहाल, अर्थव्यवस्था के ताजा आंकड़ों से निश्चित रूप से नये जनादेश के लिये जाने वाली राजग सरकार का आत्मविश्वास बढ़ेगा।

# अंतरिक्ष में नई इबारत लिखने को तैयार भारत

**—प्रमोद भार्गव—**



हाल ही में उन अंतरिक्ष यात्रियों के नाम उजागर कर दिए गए, जिनमें से तीन को अंतरिक्ष में उड़ान भरने का अवसर मिलेगा। ये हैं– प्रशांत नायर, अजीत कृष्णन, अंगद प्रताप और शुभांशु शुक्ला। ये सभी फाइटर पायलट हैं जो भारत के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान अभियान के साक्षी बनने गगनयान से सैर करने वाले हैं। निःसंदेह, 40 साल बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में जा रहा है। परंतु इस बार वक्त भी हमारा है, काउंटडाउन भी हमारा है और रॉकेट भी हमारा है। इन यात्रियों को 2025 में पृथ्वी से 400 किमी दूर स्थित कक्षा में भेजा जाएगा। ये केवल तीन दिन वहां रहेंगे। फिर भारतीय समुद्र में इन्हें उतारा जाएगा। ये चारों यात्री रूस के यूरी गागरिन अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण ले चुके हैं।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने अभियान गगनयान की चरणबद्ध तैयारी में क्रायोजेनिक इंजन सीई–20 को उड़ान भरने के लिए स्वदेशी तकनीक से विकसित कर लिया है। गगनयान भारत का पहला ऐसा अंतरिक्ष अभियान होगा, जो तीन भारतीयों को लेकर अंतरिक्ष की उड़ान भरेगा। इस दृष्टि से इंजन में सुधार में मानव सुरक्षा रेटिंग प्रक्रिया को सफल मान लिया गया है। इस इंजन को मानव मिशन के योग्य बनाने की दृष्टि से चार अलग–अलग स्थितियों में 39 हॉट फायरिंग टेस्ट से गुजरना पड़ा है। यह प्रक्रिया 8 हजार 810 सेकेंड तक चली। इस दौरान इन इंजनों को 6 हजार 350 सेकेंड तक जांच से गुजरना पड़ा। यह इंजन मानव रेटेड एलवीएम–3 प्रक्षेपण वाहन के ऊपरी चरण को शक्ति प्रदान करेगा। ये सब तैयारियां भेजे गए इंसान को सुरक्षित रूप में वापस लाने के लिए की जा रही हैं। यही इंजन अंतरिक्ष की उड़ानों से लेकर उपग्रहों के प्रक्षेपण एवं मिसाइल छोड़ने में काम आता है।

निःसंदेह, हमारे वैज्ञानिकों ने अनेक विपरीत परिस्थितियों और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद इस क्षेत्र में अद्वितीय उपलब्धियां हासिल की हैं। अन्यथा एक समय ऐसा भी था, जब अमेरिका के दबाव में रूस ने क्रायोजेनिक इंजन देने से मना कर दिया था। अब वही रूस इस अभियान में हमारी सबसे ज्यादा मदद कर रहा है। असल में किसी भी प्रक्षेपण यान का यही इंजन वह अश्व–शक्ति है, जो भारी वजन वाले उपग्रहों व अन्य उपकरणों को अंतरिक्ष में पहुंचाने का काम करती है। दरअसल, भारत ने शुरुआत में रूस से इंजन खरीदने का अनुबंध किया था। लेकिन 1990 के दशक के आरंभ में अमेरिका ने मिसाइल तकनीक नियंत्रण व्यवस्था (एमटीसीआर) का हवाला देते हुए इसमें बाधा उत्पन्न कर दी थी। इसका असर यह हुआ कि रूस ने तकनीक तो नहीं दी लेकिन छह क्रायोजेनिक इंजन जरूर भारत को शुल्क लेकर भेज दिए। कालांतर में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की मदद से भारत को एमटीसीआर क्लब की सदस्यता भी मिल गई, लेकिन इसके पहले ही इसरो के वैज्ञानिकों के कठोर परिश्रम और दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते स्वदेशी तकनीक के बूते चरणबद्ध रूपों में इंजन को विकसित कर लिया गया।

मानव मिशन की इस उड़ान के पहले चरण का सफल प्रक्षेपण इसरो पहले ही कर चुका है। देश के महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान से जुड़े पैलोड के साथ उड़ान भरने वाले परीक्षण यान के असफल होने की स्थिति में क्रू मॉड्यूल अर्थातध् जिसमें अंतरिक्ष यात्री सवार होंगे, को बाहरी अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करने के बाद वापस सुरक्षित लाने के लिए 'क्रू एस्केप सिस्टम' यानी चालक दल बचाव प्रणाली (सीईएस) का सफल परीक्षण कर इसरो विश्व कीर्तिमान स्थापित कर चुका है। इस बचाव प्रणाली की जरूरत इसलिए थी, क्योंकि यान के असफल होने पर कई वैज्ञानिक प्राण गंवा चुके हैं। इस परीक्षण के अंतर्गत क्रू मॉड्यूल रॉकेट से अलग हो गया और बंगाल की खाड़ी में गिर गया।

इसरो अध्यक्ष एस. सोमनाथ का कहना है कि इस मानव मिशन के लिए 'पर्यावरण नियंत्रण और जीवन समर्थन प्रणाली' (ईसीएलएसएस) अन्य देशों से नहीं मिलने के कारण इसरो इसे स्वयं विकसित करेगा। गगनयान की उड़ान 2025 में भरी जाने की संभावना है। गगनयान परियोजना के तहत इसरो मानव चालक दल को 400 किमी ऊपर पृथ्वी की कक्षा में भेजेगा। बाद में सुरक्षित पृथ्वी पर वापस समुद्र में उनकी लैंडिंग कराई जाएगी।

उल्लेखनीय है कि मिशन के लिए 10 हजार करोड़ रुपये मंजूर किए जा चुके हैं। हालांकि अब तक भारतीय या भारतीय मूल के तीन वैज्ञानिक अंतरिक्ष की यात्रा कर चुके हैं। राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय हैं। शर्मा रूस के अंतरिक्ष यान सोयुज टी–11 से अंतरिक्ष गए थे। इनके अलावा भारतीय मूल की कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स भी अमेरिकी कार्यक्रम के तहत अंतरिक्ष जा चुकी हैं। अब अंतरिक्ष में मानवरहित और मानवचालित दोनों तरह के यान भेजे जाएंगे। पहले चरण में योजना की सफलता को परखने के लिए अलग–अलग समय में दो मानव–विहीन यान अंतरिक्ष की उड़ान भरेंगे। इनकी कामयाबी के बाद मानव–युक्त यान अपनी मंजिघ्ल का सफर तय करेगा।

# दल बदल के दौर में राजनीति और विचारधारा

**—अभिनव आकाश—**




संविधान बनाने वालों ने जब एक विद्वत परिषद जैसा सदन सोचा तब राज्यसभा के बारे में सोचा। जब सोचा की राज्यों के हितों की और उनके विचारों की नुमाइंदगी करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सब विचार आए। जिससे चेक बैलेंस बना रहे। लेकिन किसे पता था कि राज्यसभा के चुनाव इस चेक बैलेंस में एक नए अध्याय जोड़ेंगे। हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग और दलबदल कई अहम सवाल खड़े करते हैं। राजनेता किसी पार्टी के प्रति क्यों वफादार बने रहते हैं या उसे छोड़ देते हैं? कुछ पार्टियाँ फेवीकॉल के जोड़ समान एक साथ रहती है और कुछ ताश के पत्ते की तरह पर एक झोंके के आगमन पर बिखर सी जाती है। वह कौन सा गोंद है जो पार्टियों को एकजुट रखती है और वो क्या है जो उन्हें इधर–उधर झांकने पर मजबूर कर देता है। इतने सारे प्रश्न और इसका सबसे पहला और सरल सा जवाब पॉवर और पैसा पर आकर टिक जाता है। यही वो कड़ी है जो लोगों को साथ रहने या छोड़ने के लिए प्रेरित करती है। ये गोंद सरीखा है जो पार्टियों को एकजुट रखता है तो वहीं चुंबक के समान अन्य लोगों को अपनी ओर खींचता भी है। लेकिन ये पूरी तरह से सच नहीं है। क्योंकि अगर ऐसा होता तो बीजेपी भारत की सबसे एकजुट राष्ट्रीय पार्टी क्यों बनी रहती? 1984 में कांग्रेस की 414 सीटों की तुलना में दो सीटों पर सिमट जाने पर भी इसमें स्थिरता बरकरार रहती है। भारतीय जनसंघ (बीजेएस) 1984 में नए अवतार के रूप में उभरी। यहां तक घ्कि वे राजनीतिक जंग में दशकों तक साथ रहे। 1947 और 1989 के बीच, जनता पार्टी के घटक के रूप में 1977–79 के 28 महीनों को छोड़कर, न तो इस पार्टी और न ही इसके उत्तराधिकारी को केंद्र में सत्ता की भागीदारी भी मिली। भारतीय जनसंघ ने खुद को जनता में शामिल कर लिया और इसके सभी सदस्यों ने कर्तव्यनिष्ठापूर्वक और आसानी से इसे स्वीकार कर लिया। बेशक, उन्होंने सत्ता के लिए ऐसा किया। लेकिन पूर्ण रुपेन ऐसा नहीं है क्योंकि इसके तुरंत बाद, जैसे ही सत्ता हाथ से जाने पर सभी जनसंघ के मूल निवासी भाजपा के रूप में फिर से संगठित हो गए। कोई भी कांग्रेस में नहीं गया या अपनी पार्टी नहीं बनाई। इसका सीधा सा निष्कर्ष है कि विचारधारा पार्टियों को एकजुट रखती है।

बलराज मधोक और कुछ अन्य लोगों ने 1970 के दशक की शुरुआत में बढ़ते व्यक्तित्व पंथ का विरोध करते हुए पार्टी छोड़ दी थी। लेकिन वे कांग्रेस में शामिल नहीं हुए, चाहे इंदिरा गांधी ने उन्हें कितना भी प्रलोभन दिया हो। अधिक समसामयिक रूप से शंकर सिंह वाघेला, कल्याण सिंह, उमा भारती और बी.एस. येदियुरप्पा ने पार्टी छोड़ दी और अपनी छोटी पार्टियां बना लीं। लेकिन इन सब के बीच सबसे दिलचस्प सवाल है कि यदि विचारधारा पार्टियों को एकजुट रखती है, तो भारत में सोशलिस्ट पार्टी में सबसे अधिक विभाजन कैसे हुए? समाजवादियों की एक विचारधारा थी और इसके भीतर एक अधिक स्पष्ट रूप से परिभाषित विचारधारा लोहियावाद की भी रही है। अब उन गुटों की गिनती करें जिनमें लोहियावादी विभाजित हो गए हैं। चाहे वो नीतीश कुमार, राम विलास पासवान, मुलायमध्अखिलेश, लालूध तेजस्वी हो उन्होंने कौन सी अलग–अलग दिशाएँ चुनी हैं। भाजपा का मुख्य नेतृत्व ज्यादातर संपन्न रहे और आरएसएस द्वारा प्रशिक्षित भी रहे। निःसंदेह, जो चीज पार्टियों को एक साथ रखती है वह आर्थिक रूप से आरामदायक व्यक्तिगत जीवन और वैचारिक प्रतिबद्धता है। साथ ही सत्ता की एक झलक, जो भाजपा के पास 1989 से ही है। लेकिन अगर यह इतना स्पष्ट है, तो भारतीय कम्युनिस्ट इसमें खुद को कहां पाते हैं।

**कम्युनिस्ट भी लगभग कभी दलबदल नहीं करते। विचारधारा नहीं तो क्या उन्हें वफादार बनाए रखता है, यह देखते हुए कि उन्हें शायद ही कभी सत्ता मिलती है और कभी व्यक्तिगत संपत्ति नहीं? कम्युनिस्ट दलबदल नहीं करते, वे अलग हो जाते हैं। सत्ता या पैसे के लिए नहीं, लेनिन, माओ, ट्रॉट्स्की, मॉस्को या बीजिंग? किसका अनुसरण करें जैसे गहन तर्कों पर वे वैचारिक शुद्धता की तलाश में अलग हो गए। नरेंद्र मोदी की बीजेपी, स्टालिन की डीएमके और फौरी तौर पर ममता बनर्जी की टीएमसी को देखें उन्होंने कुछ लोगों को जाते हुए देखा है। लेकिन अन्य सभी व्यक्तित्व, वंश–संचालित पार्टियों की सूची बनाएं और आपको परित्याग मिलेंगे, चाहे वह मायावती की बसपा, शिवसेना, शरद पवार की राकांपा या बादल परिवार की शिरोमणि अकाली दल हो। यह हमें आज के संदर्भ में सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न पर वापस लाकर खड़ा कर देता है। देश की ग्रैंड ओल्ड पार्टी को अपने कुनबे को एक साथ बांधे रखने की विफलता। यह एक विचारधारा और एक नेता वंश होने के एकाधिकार को प्रकट करता है।**

कम्युनिस्ट भी लगभग कभी दलबदल नहीं करते। विचारधारा नहीं तो क्या उन्हें वफादार बनाए रखता है, यह देखते हुए कि उन्हें शायद ही कभी सत्ता मिलती है और कभी व्यक्तिगत संपत्ति नहीं? कम्युनिस्ट दलबदल नहीं करते, वे अलग हो जाते हैं। सत्ता या पैसे के लिए नहीं, लेनिन, माओ, ट्रॉट्स्की, मॉस्को या बीजिंग? किसका अनुसरण करें जैसे गहन तर्कों पर वे वैचारिक शुद्धता की तलाश में अलग हो गए। नरेंद्र मोदी की बीजेपी, स्टालिन की डीएमके और फौरी तौर पर ममता बनर्जी की टीएमसी को देखें उन्होंने कुछ लोगों को जाते हुए देखा है। लेकिन अन्य सभी व्यक्तित्वध्वंश–संचालित पार्टियों की सूची बनाएं और आपको परित्याग मिलेंगे, चाहे वह मायावती की बसपा, शिवसेना, शरद पवार की राकांपा या बादल परिवार की शिरोमणि अकाली दल हो। यह हमें आज के संदर्भ में सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न पर वापस लाकर खड़ा कर देता है। देश की ग्रैंड ओल्ड पार्टी को अपने कुनबे को एक साथ बांधे रखने की विफलता। यह एक विचारधारा और एक नेताध वंश होने के एकाधिकार को प्रकट करता है। जब हिमंत बिस्वा सरमा से लेकर ज्योतोतिरादित्य सिंधिया तक नेता इसे छोड़ते हैं, तो उन्हें 'विचारधारा' के प्रति सच्चे नहीं होने के रूप में खारिज कर दिया जाता है। शीर्ष पर एक मजबूत व्यक्तित्वध वंश होने पर, इसका स्कोर 10ध10 होता है। फिर भी, यह प्रतिभा को नष्ट कर देने वाला है। यहां तक घ्कि इसके एक मुख्यमंत्री (पेमा खांडू, अरुणाचल प्रदेश) को पूरे विधायक दल के साथ भाजपा में शामिल होते देखा गया है। इसकी वैचारिक प्रतिबद्धता कमजोर है, इससे पता चलता है कि इसके प्रमुख लोगों के लिए, जिनमें केंद्र सरकार में मुख्यमंत्री पद या मंत्रालय संभालने वाले कई लोग भी शामिल हैं।

क्या इन वंशवादी पार्टियों में फूट का सारा दोष मोदी–शाह भाजपा के धन, शक्ति और श्एजेंसियोंश से संरक्षण को देना जायज है? 1969 के बाद से कांग्रेस हर कुछ वर्षों में विभाजित होती रही है। आखिरी बड़ी दरार जनवरी 1978 में देखने को मिली थी। इसके सबसे वरिष्ठ नेता कुछ महीनों के लिए भी सत्ता से बाहर रहे और फिर पार्टी से कई नेताओं ने किनारा किया। इंदिया इज इंडिया वाले बरूआ, वसंतदादा पाटिल, वाई. बी. चव्हाण और स्वर्ण सिंह. बाद में ए.के. एंटनी कांग्रेस (यूआरएस) में शामिल हो गए और फिर अपनी खुद की कांग्रेस (ए) बनाई। चरण सिंह, शरद पवार, वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी, ममता बनर्जी और हिमंत बिस्वा सरमा सभी ने अपनी मदर पार्टी के पतन के बाद अपनी राजनीतिक शक्ति बना ली है।

सबसे पहले, विचारधारा गोंद हो सकती है अगर वह तेज हो और कम उम्र से ही लोगों के दिमाग में घर कर जाए, जैसा कि भाजपाध आरएसएस, कम्युनिस्ट और द्रविड़ पार्टियों के साथ होता है। एक मजबूत व्यक्तित्व या राजवंश चीजों को एक साथ रख सकता है लेकिन केवल तब तक जब तक वे अपने अनुयायियों के लिए वोटों की गारंटी दे सकते हैं। यह आंध्र में जगन या बंगाल में ममता की शक्ति है। धन और शक्ति के वादे आपकी संख्या बढ़ा सकते हैं, जैसा कि भाजपा आज दिखा रही है। कांग्रेस इन सभी परीक्षणों में विफल रही। पार्टी जेएनयू–वामपंथी धर्मनिरपेक्ष होने का दिखावा करती है, लेकिन अपने 'शिवभक्त' नेता की 'जनेऊधारी दत्तात्रेय ब्राह्मण पहचान को भी प्रदर्शित करती है। इसके साथ ही साथ अयोध्या में मंदिर अभिषेक के निमंत्रण को भी ठुकरा देती है। इसका वामपंथी अर्थव्यवस्था पर दिखावा और अडानी, अंबानी मुट्ठी भर अमीर लोगों के खिलाफ मोर्चा खोलना जबकि उन्हीं कुलीन वर्गों से अपने इतिहास के कनेक्शन को नजरअंदाज करना। भाजपा के पास एक मास्क स्केल पैकेज है। एक ऐसा वैचारिक फेविकोल, आने वाले दलबदलुओं के लिए सत्ता और सुरक्षा और वोटों की 'मोदी की गारंटी।

# कानून रसूखदारों के लिये सिर्फ खिलौना



**—आशीष वशिष्ठ—**

इसमें कोई दो राय नहीं है कि प्रभावशाली लोग कानून को खिलौना समझ कर खेलते हैं। और व्यवस्था भी उनके इस काम में खूब मददगार साबित होती है। बरसों बरस से देश में ऐसा ही चलता आ रहा है। सख्त से सख्त कानून बनाने और तमाम दूसरे उपायों के बाद भी रसूखदार कानून का आए दिन मजाक उड़ाने से बाज नहीं आते हैं। कानून को बौन साबित करने वाली इस जमात को राजनीतिक संरक्षण हासिल होता है। ऐसे में धनबल और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त ये लोग व्यवस्था की कमियों और छिद्रों के चलते नियम कानूनों को आसानी से गच्चा देते हैं।

आम आदमी की मामूली–सी गलती पर उसे पकड़ने में भरपूर तेजी दिखाने वाली पुलिस को प्रभावशाली और रसूखदार लोगों तक पहुंचने में वक्त लग ही जाता है। पश्चिम बंगाल में इसकी अवधि कुछ ज्यादा ही लंबी हो जाती है। संदेशखाली मामले से चौतरफा निंदा का पात्र बना तृणमूल कांग्रेस का नेता शाहजहां शेख 55 दिनों से फरार रहने के बाद पुलिस की गिरफ्त में आया है! लेकिन तब, जब कलकत्ता उच्च न्यायालय ने ममता सरकार को फटकार लगाई। यदि फटकार नहीं लगी होती तो उसे छुपाए रखा गया होता। वह जिस हनक और रूआब से थाने और अदालत में दाखिल हुआ, उससे यही लगा कि वह कोई शहंशाह है।

